सार-समाचार

गुरूकुल क्लासेज के विद्यार्थी छाए

जालोर,(कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से गुरूवार को कला वर्ग का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें जालोर के गुरूकुल क्लासेज ने विज्ञान वर्ग के बाद कला वर्ग में भी बाजी मारी।जालोर के गुरूकुल क्लासेज के निदेशक राजकुमार चौहान ने बताया कि विज्ञान वर्ग में गुरूकुल क्लासेज का विद्यार्थी कल्पेश कुमावत ने पूरे प्रदेश की मेरिट में सातवा तथा जोधपुर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। वही विज्ञान वर्ग में सभी 92 विद्यार्थी 73 प्रतिशत प्लस अंक प्राप्त किये हैं। वही कला वर्ग में भी गुरूकुल क्लासेज के विद्यार्थी ने उत्कृष्ट अंक हासिल किये है। समरीन बानू ने 90.80 प्रतिशत अंक, सौरभ कुमार ने 90.20 प्रतिशत, भूपेन्द्र सिंह ने 88.80 प्रतिशत व नीतू कंवर ने 87.40 प्रतिशत अंक हासिल किये। वही सुबोध स्कूल के कृष्ण कुमार ने 94 प्रतिशत अंक हासिल किये। कला वर्ग में जिले का परिणाम अच्छा रहा।

स्काउट गाइड सम्मानित हुए

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट दत्ताणी के स्काउट गाइड अध्यापक बाबूलाल सैनी ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दत्तानी की आशा कुमारी, पूजा कुमारी, रेशम कुमारी, कांता कुमारी तथा चेतन कुमार तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सालोतरा के ईश्वर कुमार, गणपत राम तथा ईश्वर ने राज्यपाल अवार्ड के लिए होने वाली परीक्षा पास कर राज्यपाल अवार्ड प्राप्त किया। दत्तानी संस्था प्रधान रजनी और सालोतरा प्रधानाध्यापक फोगणा राम ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार के कल्याण सिंह देव?ा खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि इन सभी विद्यार्थियों का माउंट आबू में होने वाले राज्य स्तरीय राष्ट्रपति अवार्ड प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है जो स्थानीय विद्यालय स्काउट गाइडों के माता-पिता और ग्राम वासियों के लिए गौरव की बात है। सिरोही जिले का रेवदर स्थानीय संघ सचिव मुकेश पुरोहित के नेतृत्व में लगातार प्रगति कर रहा है।

महगाई राहत कैंप की जानकारी दी

बाप, (निसं)। युरोपीय युनियन के सहयोग से उन्नति विकास शिक्षण संगठन द्वारा बाप ब्लॉक मे 50 गांवो में काम किया जा रहा है। गुरूवार को अखाधना में कलस्टर बैठक का आयोजन किया। बैठक में अलग अलग गांवों की जल सहेली समुह की महिलाएं व जल सहेली लीडर साथ में जुडी। उन्नति के टीकम भडनोवा ने पंचायतो में होने वाले महगाई राहत केम्प में मिलने वाले फायदो व जरूरी कागजात के बारे मे बताया। कार्य म अधिकारी तोलाराम द्वारा केम्प में जुडने वाले विभागो के बारे में बातचीत की गई। लोग अधिक से अधिक केम्पों में जाये ओर सम्बंधित विभाग से योजना का लाभ लेवे। अखाधना व भाखरिया से ग्राम विकास अधिकारी राकेश व सुरेन्द्र ने पेम्पलेट वितरण करके कैम्प में अधिक से अधिक लोगो को जोडने का आहवान किया। उन्नति कार्यकर्ता पानी दिवेराया ने निरजला एकादशी को अधिक से अधिक श्रमदान करने का आ ान किया। संतोष देवडा ने गांवो मे अधिक से अधिक प्रचार करने की बात कही। बैठक में जुसदेवी, मुली देवी, लक्ष्मी, गवरी, कसुम्बी देवी, शोभा, नथी देवी, रेशमा, भंवर कंवर, धापु कंवर आदि जल सहेली ने भाग लिया।

विद्यार्थियों ने ली टीकाकरण की जानकारी

सिवाना, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इंद्राणा में गुरुवार को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से संचालित व्यवसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत हेल्थ केयर के विद्यार्थियों ने पीएचसी इंद्राणा पर ग्रीष्मावकाश में ट्रेड से संबंधित जानकारी प्राप्त की।व्यवसायिक प्रशिक्षक मोहन विश्नोई ने बताया की हेल्थ केयर विद्यार्थियों ने 0० से 5 साल तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण,वृद्धि चार्ट, गर्भवती महिलाओं का वजन, ऊंचाई का नाप, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, प्रसव पूर्व जांच व गर्भवती महिलाओं के पोषण से संबंधित सभी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त की। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ हेमंत कुमार कोहली ने व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता निर्मला देवी ने विद्यार्थियों को संपूर्ण टीकाकरण की जानकारी दी। इस अवसर पर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर लालूराम गहलोत, नर्सिंग ऑफिसर दुर्गाराम, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुशीला कुमारी आदि उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष आज रामदेवरा में

पोकरण/रामदेवरा, (निसं)। भारतीय जनता पाटी के प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी 26 मई को रामदेवरा पहुंचेगे। भाजपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने के बाद पहली बार बाबा रामदेव की पावन धरा पर रामदेवरा शुक्रवार को प्रात : 11 बजे पहुंचेगे। इसके बाद रामदेव की समाधि पर पूजा अर्चना करने के बाद रामदेवरा मंडल, पोकरण ग्रामीण मंडल ,पोकरण शहर मंडल, साकडा मंडल चारो मंडलों की कार्यसमिति की बैठक लेंगे। विशेष रूप से मंडल का कार्यकारिणी सदस्य, शक्ति केन्द्र संयोजक, शक्ति केन्द्र प्रभारी, बुथ अध्यक्ष सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम को सफल की अपील की गई, वही रामदेवरा में जाट धर्मशाला पोकरण रोड़ में कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर साकडा मंडल अध्यक्ष हनुमान सिंह ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अधिवक्ताओं के लिए विशेष कैंप

जोधपुर, (कासं)। हैरिटेज उच्च न्यायालय परिसर में एसोसिएशन के पुराने हॉल में जिले के अधिवक्ताओं के लिए दो दिवसीय विशेष महंगाई राहत कैंप का गुरुवार को जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता और एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत जोशी ने शुभारंभ किया। इस अवसर गुप्ता का एसोसिएशन ने स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने शिविर की तमाम गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने महंगाई राहत कैंपों के बारे में अधिवक्ताओं से चर्चा भी की। अधिवक्ताओं ने विशेष शिविर आयोजित करने की पहल के लिए जिला कलक्टर का आभार जताया। इस दौरान एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गोकुलेश बोहरा, महासचिव गिरधर सिंह भाटी, सह सचिव दीपक थानवी, सचिव श्रीमती माया गहलोत और कोषाध्यक्ष देवाराम चौधरी सहित अधिवक्तागण और कार्मिक उपस्थित रहे।

शिक्षकों की समस्याओं पर वार्ता की

पिंडवाड़ा, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील प्रतिनिधि मंडल ने ब्लॉक अध्यक्ष मनोहरसिंह चौहान ने सीबीईओ प्रतिनिधि भूपेंद्रजोशी से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर वार्ता की।शिक्षक संघ प्रगतिशील प्रदेश मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक मांग शिक्षकों को समय पर वेतन देने, जीर्ण - शीर्ण शाला भवनों की मरम्मत के लिए कार्यालय से कार्रवाई करने, शिक्षक - विहीन एवं शिक्षकों की भारी कमी वाले शहरी प्रारम्भिक स्कूलों में अध्यापक लगाने, आगामी राजीव गाँधी ग्रामीण और शहरी खेलकूद प्रतियोगिता की पूर्व तैयारी करने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की। शीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। अमित मालवीय, अशोक मालवीय, गोपाल रावल समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

दाना-पानी के लिए परिंडे लगाए

सुमेरपुर, (निसं)। हैण्डपम्प मिस्त्री एवं पर्यावरण प्रेमी गोरधनलाल गर्ग ने भीष्ण गर्मी को देखते हुए गुरूवार को कोई परिन्दा प्यासा नहीं रहे थीम के तहत पक्षियों के लिए दाना-पानी के लिए परिन्डे लगाए। पर्यावरण प्रेमी गर्ग ने बताया कि वर्तमान में भयंकर गर्मी को देखते हुए हमारी टीम ने गुरूवार को भैरूचौक स्थित जलदाय विभाग कार्यालय में पक्षियों के लिए दाना-पानी के लिए परिन्डे लगाए गए है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण प्रेमी सदस्यों द्वारा आगामी दिनों मे वार्डवार कार्यक्रम आयोजित कर पक्षियों के लिए परिन्डे वितरित किए जाऐंगे। सदस्यों द्वारा उक्त कार्यक्रम के तहत पक्षियों के लिए परिन्दे लगाकर पानी व दाने के व्यवस्था भी की जाएगी। प्रतापराम, नेनू देवी, कमला देवी सहित कई जने मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

रानी, (निसं)। रानी उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण ने रानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मिडिया कर्मियों के साथ औचक निरीक्षण किया। तथा निरीक्षण के दौरान विभिन्न कमियों को लेकर रानी बीसीएमओ डॉ ओजस रावल, मुख्य प्रभारी डॉ एम एल मेहता को समाधान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक्स-रे कक्ष के पास क्षतिग्रस्त दीवार को लेकर उपस्थित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इन डोर पेशेंट के पास बैठने के लिए टेबल रखने के भी निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में महंगाई राहत शिविर का भी निरीक्षण किया।

पार्थ व देवासी ने राजीव नगर के शिविर की व्यवस्थाएं देखी

जालोर, (कासं)। सांचौर की नवनियुक्त विशेषाधिकारी पूजा कुमारी पार्थ व पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी ने गुरूवार को सरनाऊ पंचायत समिति की राजीव नगर ग्रा.पं. में प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविर व महंगाई राहत के मोबाईल कैंप का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

फ्राप्त जानकारी के अनुसार नवगठित सांचौर जिला विशेषाधिकारी पूजा कुमारी पार्थ ने महंगाई राहत कैंपों के दौरान छाया, पेयजल, चिकित्सा व मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरण सहित आवश्यक व्यवस्थाएँ देखी तथा लाभार्थियों के पंजीयन की जानकारी लेते हुए उपस्थित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने 10 प्रमुख योजनाओं के तहत रजिस्ट्रेशन करवाने वाले लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड प्रदान कर योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान दी।

उन्होंने शिविर में हेल्प डेस्क के माध्यम से लाभार्थियों को जरूरी सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभागीय काउंटरों पर पहुँच कार्मिकों से कार्य प्रगति की जानकारी लेकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने योजनाओं के तहत पात्र व्यक्तियों को लाभांवित करने के निर्देश देते हुए लाभार्थी पंजीयन की स्थिति देखी। इस दौरान सांचौर उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार खेदर, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में रजिस्ट्रेशन करवाने आए लाभार्थी उपस्थित रहे।

वही सरनाऊ पंचायत समिति की राजीव नगर में आयोजित कैंप में देमी देवी ने राज्य सरकार की मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, मुख्यमंत्री गामीण रोजगार गारंटी योजना, मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना, मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना व मुख्यमंत्री नि:शुल्क कृषि बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करवाया जिस पर उन्हें सांचौर की विशेषाधिकारी पूजा कुमारी पार्थ एवं पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी ने मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित कर लाभांवित किया गया। देमी देवी ने योजनाओं का लाभ मिलने पर राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व प्रशासन का आभार जताते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की तारीफ की।

जालोर जिले में सांचोर के सरनाऊ में महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण विशेषाधिकारी पूजा पार्थ व पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

कलैक्टर ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

जालोर में राजकीय चिकित्सालय का निरीक्षण जिला कलैक्टर निशांत जैन ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर निशांत जैन ने बुधवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने जिला अस्पताल में ओपीडी, मेल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, नि:शुल्क जांच केंद्र सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत आवाश्यक जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक पात्र लोगों का पंजीकरण व नवीनीकरण करवाने की बात कही। जिला कलैक्टर ने वार्डों के निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनकी कुशलक्षेमी पूछी तथा अस्पताल में मिल रही सुविधाओं व उपचार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वार्ड के कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों के उपचार व सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रखें।

उन्होंने आपातकालीन सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आपातकालीन स्थिति में रोगी को तुरंत चिकित्सक सहित सभी व्यवस्थाएं एवं प्रबंधन सुनिश्चित कर तत्काल इलाज प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला सार्वजनिक चिकित्सालय मे सभी कार्मिकों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित होने के साथ-साथ कोताही नहीं बरतने के भी निर्देश दिए। स अवसर पर पीएमओ डॉ. पूनम टांक सहित कई जने उपस्थित रहे।

28 मई को लांच होगी हैल्पलाइन

जोधपुर, (कासं)। सर्व ब्राह्मण महासभा की राजस्थान इकाई द्वारा राजस्थान के समस्त ब्राह्मण परिवारों को जरूरत के मुताबिक आवश्यक मामलों में मदद किए जाने के उद्देश्य से तैयार की गई ब्राह्मण हेल्पलाइन को विधिवत रूप से 28 मई को जोधपुर के होटल चंद्रा में लॉन्च किया जाएगा।

इस समारोह के मुख्य अतिथि आचार्य महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज होंगे। जबकि अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सुभाष वत्स करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रघुनाथ धाम मंदिर के आचार्य सौरभ राघवेंद्र और अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष हस्तीमल सारस्वत होंगे। सर्व ब्राह्मण महासभा की राजस्थान ईकाई के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंडित एस के जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई को सर्व ब्राह्मण महासभा की राजस्थान इकाई के शपथ ग्रहण समारोह में समस्त ब्राह्मण समाज के हित के लिए ब्राह्मण हेल्पलाइन लांच की जा रही है।उन्होंने बताया कि,सर्व ब्रह्मण महासभा के राष्ट ीय अध्यक्ष सुभाष वत्स,राष्ट ीय महामंत्री रामकुमार शर्मा और राजस्थान प्रभारी विमल पारीक के निर्देश पर ब्राह्मण समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए इस हेल्पलाइन को शुरू करने का निर्णय लिया गया।अन्य समाज की तरह ब्राह्मण समाज में भी कई ऐसे परिवार और व्यक्ति है जो विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझ कर परेशान रहते हैं और कई बार खुद को अकेला महसूस करते हैं,इसलिए सर्व ब्राह्मण महासभा की राजस्थान इकाई ने देश और प्रदेश में पहली बार ऑनलाइन समस्या समाधान के प्रयास के चलते ऐसा कदम उठाया है जिसके चलते पूरे राजस्थान के 33 जिलों में रहने वाले ब्राह्मण समाज के उन लोगों को प्रारंभिक तौर पर सहायता, संबल, मदद और मार्गदर्शन मिल सकेगा, उन्हें राहत दिलवाने के अलावा जिस तरह की भी समस्या होगी, उसके समाधान के लिए स्थाई प्रयास भी किए जाएंगे।

सम्मान किया

बाप, (निसं)। नोखडा चारणान निवासी जयंत चारण का भारतीय प्रशासनिक सेवा में ऑल इंडिया 388 वीं रैंक से चयनित होने पर उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बुधवार को भाजपा नेता राजेंद्र 'रावल' जाणी जयंत चारण के निवास स्थित पर पहुंचे।

महेश नवमी पर होगा अभिषेक

बाप, (निसं)। माहेश्वरी समाज की ओर से बाप कस्बे में महेश नवमी के अवसर पर 29 मई को कई कार्यक्रम होंगे।

बाप क्षेत्र माहेश्वरी समाज अध्यक्ष अशोक चाण्डक ने बताया कि नवमी को कस्बा स्थित ऋषि गोपाल गोशाला में 55० गोमाता को 56 भोग खिलाया जाएगा। उसी दिन हरा चारा खिलाकर सेवा भी होगी। महामृत्युंजय व गायत्री मंदिर में शिव अभिषेक होगा इसके बाद दोपहर में महाआरती होगी। दोपहर 1 बजे महाप्रसादी होगी।

सुंधा पर्वत पर वार्षिक महोत्सव संपन्न

जालोर, (कासं)। अखिल भारतीय रावणा राजपूत समाज धर्मशाला सुंधा पर्वत का 13 वां वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ।

महासभा जालोर के जिलाध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा ने बताया कि वार्षिक महोत्सव के दौरान हवन का आयोजन रखा गया व रात्रि कालीन भजन संध्या आयोजित की गई। भजन संध्या में गायक महेंद्र सिंह पवार व गायिका सोनू कंवर रावणा ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी, भजन संध्या के दौरान आगामी वार्षिक महोत्सव को लेकर चढावा का आयोजन भी रखा गया। जिसमें रावणा राजपूत समाज बंधुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

23 मई को सुबह अतिथि व भामाशाह सम्मान कार्यक्रम रखा गया और समाज का विशाल महा सम्मेलन रखा गया।

सम्मेलन को विक्रम सिंह भाटी राष्ट्रीय अध्यक्ष रावणा राजपूत समाज, रणजीत सिंह सोडाला प्रदेशाध्यक्ष, ईश्वर सिंह जसोल अध्यक्ष रावणा राजपूत धर्मशाला रामदेवरा, करण सिंह चौहान अध्यक्ष रावणा राजपूत समाज सिरोही,जालोर जिला युवा महासभा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह सिसोदिया, बद्री सिंह परमार अध्यक्ष अनूप मंडल जालोर, रावणा राजपूत धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष बाग सिंह मुंथला काबा, जसराज सिंह मेडा, राजेंद्र सिंह सियाणा,जालम सिंह पूना ने सम्बोधित किया। उपस्थित साधु संत महामंडलेश्वर संतोष भारती महाराज भाद्राजून, सुंदर गिरी महाराज रतनपुरा धोरा, ललित गिरी महाराज बम बम धुना सुंधा पर्वत का सम्मान किया गया।

रानीवाडा विधायक नारायण सिंह देवल व चामुंडा माता ट्रस्ट अध्यक्ष ईश्वर सिंह देवल बहुमान किया गया। रानीवाडा विधायक नारायण सिंह देवल ने समाज को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

आगामी विधानसभा चुनाव व समाज के अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी। मंच का संचालन संतोष सिंह धांधल ने किया। कार्यक्रम में भंवर सिंह राजपुरा, राजू सिंह बडगांव, मदन सिंह डूंगरी, तखत सिंह राजीकावास,नारायण सिंह चौहान सायला, श्रवण सिंह पहाडपुरा, जेठू सिंह दहिवा, भोपाजी राम सिंग पुनासा, सावल सिंह रतोडा, जेठूसिंह मांगलिया आहोर, गणपत सिंह राजीकावास, कालू सिंह मालवाडा, मनोहर सिंह रानीवाडा, जोगिंदर सिंह आहोर, शंकर सिंह रेवत, सुमित सिंह तवाव, गिरधारी सिंह राजपुरा, नरपत सिंह डूंगरवा, रघुनाथ सिंह जी पीथापुरा, राम सिंह काबा मालवाडा किशोर सिंह भाद्राजून,मंगल सिंह भाटी, रेवत सिंह मांगलिया, शैतान सिंह बिछा वाडी, छैल सिंह डूंगरवा, शैतान सिंह भीनमाल, नारायण सिंह भीनमाल, प्रवीण सिंह मेडा, मसर सिंह डांगरा, उदय सिंह बिजरोल, मसर सिंह डांगरा, लक्ष्मण सिंह धवला, राम सिंह मांडवला, करण सिंह पादर, शैलेंद्र सिंह राजपुरा, अर्जुन सिंह कागमाला सहित हजारों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित हुए।

जालोर के पस सुंधा पर्वत पर रावणा राजपूत समाज का तेहरवां वार्षिकोत्सव हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

सार-समाचार

बालकों के भागने पर मांगी रिपोर्ट

जालोर के सम्प्रेषण गृह से तीन बाल अपचारी के पलायन करने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर के नया बस स्टेण्ड स्थित राजकीय सम्प्रेषण व किशोर गृह से बुधवार रात्रि को तीन बाल अपचारी भाग जाने के बाद तीन बाल अपचारियों की तलाश शुरू की गई। अभी तक एक भी बाल अपचारी तक कई पहुंच नही पाया है। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने गुरूवार को राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारी पुष्पेन्द्रसिंह भी रहे। रात के समय में सम्प्रेषण गृह से तीन बालक बाथरूम के वेंटिलेटर में लगी लोहे की जाली तोड़कर पलायन कर गये है। उन्होंने उपस्थित अधिकारी को बालकों के पलायन के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना पूर्व में भी हो चुकी है, इसलिए मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की जावे। उन्होंने कहा कि अन्य कक्षों में जहां निरूद्ध बालक रहते है। वहां के वेटिलेंटर को सुरक्षित करने के संबंध में आज ही आवश्यक कार्यवाही की जावे। बालकों पर हर समय नजर रखी जावे। इस दौरान उन्होंने बालकों से वार्तालाप कर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि बालकों को उचित गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध करवाया जावे। गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त संख्या में पंखे, कूलर व शुद्ध पानी की व्यवस्था की जावे। तीन बाल अपचारियों के पलायन करने के पीछे सम्प्रेषण गृह के अधिकारियों की लापरवाही साफ नजर आ रही है।

बाल नाट्य प्रशिक्षण शिविर शुरू

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा गुरुवार, 25 मई से बाल नाट्य प्रशिक्षण शिविर का आगाज किया गया। राज्यमंत्री एवं वरिष्ठ रंगकर्मी रमेश बोराणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां सरस्वती की आराधना कर बाल नाट्य प्रशिक्षण शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर बाल कलाकारों से मुखातिब होते हुए नाट्य विद, कला मर्मज्ञ बोराना ने बालको की अभिरुचियों जानी और खेल-खेल में बालकों को नाटक के बारे मे बताया। और ये भी कहा कि आप इस शिविर में आनंद के साथ भाग लो, मौज मस्ती से सीखते हुए आपके भीतर छुपा कलाकार स्वयं प्रकट होगा और वो आपके भावी जीवन का निर्माण करेगा। अकादमी की अध्यक्ष बिनाका जेश मालू ने बताया कि राजस्थान के युवा नाट्य निदेशक एवं संगीत नाटक अकादमी के युवा पुरस्कार से सम्मानित अभिषेक मुदगल एवं उनके साथी प्रांजल उपाध्याय द्वारा बच्चों को रंगमंच की बारीकियां सिखाई गई। लगभग 30 से ज्यादा बच्चे अकादमी के इस कैंप से नाट्य विद्या की बारीकियां सीखेंगे। 15 दिन के इस कैंप में बच्चो में कंसेंस्ट्रेशन, इमेजिनेशन, इंप्रोवाइजेशन जैसे महत्वपूर्ण तत्वों का विकास किया जाएगा जिस से वे नाट्य विद्या में पारंगत हो सकें। कार्यशाला में अतिथि व्याख्यान के लिए देश के प्रतिष्ठित बाल रंगमंचकार श्री वॉल्टर पीटर भी आएंगे जो की राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के शिक्षा में रंगमंच विभाग से हैं। कार्यशाला में नाट्य विद्या में पारंगत बच्चो द्वारा अंत में एक प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा। अकादमी सचिव डॉ सूरज राव ने बताया कि बोराणा की परिकल्पना के अनुरूप 26 से 28 मई को राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा तीन दिवसीय लेखन-निर्देशन कार्यशाला का आयोजन उदयपुर में किया जा रहा है जिस में देश के ख्यात नाम निर्देशक अकादमी द्वारा पुरस्कृत नाटकों पर वर्तमान नाट्य लेखन की उपादेयता पर गंभीर विचार मंथन करेंगे। इसमें 60 से ज्यादा लेखक निर्देशक व विषय विशेषज्ञ जुड़ेंगे। अकादमी द्वारा पहली बार हो रहे इस नवाचार से कला जगत आपार खुशी व्यक्त की जा रही है। यह आयोजन भारतीय लोक कला मंडल के कठपुतली सभागार में होगा। स्थानीय समन्वयक संस्थान निदेशक लाईक हुसेन होंगे।

पाली में महिलाएं दिखाएंगी ताकत

पाली, (नि.सं.)। अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी सहायिका, ग्राम साथिन व शिशु पालना गृह द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सुषमा शर्मा ने बताया कि कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र में उन्हें नियमित कर्मचारी बनाने, सम्मानजनक मानदेय देने का वायदा किया था, जो आज 4 वर्ष 6 बीतने पर भी पूरा नहीं हुआ है। अखिल राजस्थान महिला एवं बाल संयुक्त कर्मचारी संघ की जिसके तहत इन मांगों के समर्थन में प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिले की महिला कार्यकर्ता संस्थापक अध्यक्ष छोटीलाल बुनकर एवं प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी यादव के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टर व तहसील मुख्यालय पर तहसीलदार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगी। इस ज्ञापन में यह चेतावनी दी जाएगी कि यदि फिर भी सरकार ने उनकी अनदेखी की तो सभी आंगनबाड़ी कार्मिक 5 जून से हड़ताल कर आरपार की जंग में उतरेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। ज्ञापन सौंपने से पहले किए जाने वाले सांकेतिक धरना प्रदर्शन के दौरान बाली अध्यक्ष मीना गोस्वामी, रानी गीता बालोटिया, मारवाड़ सलमा पठान, देसूरी जशोदा, सुमेरपुर प्रतिभा एवं उषा श्रीमाली, सीमा शर्मा, भगवती एवं ज्योति बंजारा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगी।

वांटेड आरोपी गिरफ्तार

बाड़मेर, (निसं)। बाड़मेर पुलिस थाना रिको के प्रकरण में पांच हजार रूपये के वांछित ईनामी हार्डकोर अपराधी विशनाराम को दस्तयाब करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि पुलिस थाना रिको के हार्डकोर अपराधी विशनाराम करीब 1 साल से फरार था जिसपर 5 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था, जिसकी दस्तयाबी के लिए थानाधिकारी कोतवाली गंगाराम मय पुलिस टीम , रीको थानाधिकारी चन्द्रसिंह मय टीम व डीएसटी टीम को दिये गये निर्देशों के अनुरूप आसूचना एकत्रित करते हुए दबिश देकर वांछित ईनामी अपराधी विशनाराम पुत्र मदाराम जाति जाट निवासी सारणों की ढाणी, कुडला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। उक्त अपराधी पुलिस थाना रिको क्षेत्र बाडमेर के एक प्रकरण, पुलिस थाना सदर के एक प्रकरण व नागाणा के एक प्रकरण में वांछित है व पुलिस थाना रिको क्षेत्र बाडमेर के प्रकरण में पांच हजार० रूपये का ईनाम घोषित है। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि मुलजिम विश्नाराम के विरूद्ध कुल 15 प्रकरण दर्ज है। अपराधी आले दर्जे का बदमाश, झगड़ालू प्रवृति है तथा अवैध मादक पदार्थ व हथियार की तस्करी में लिप्त है।

शिक्षा से ही समाज बदलेगा : संधू

बाप, (निसं)। सौर्य ऊर्जा कम्पनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड के सहयोग से दूसरा दशक द्वारा संचालित आंगनवाड़ी सम्बल कार्यक्रम के तहत दो आंगनवाड़ियों को मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इस दौरान सौर्य ऊर्जा से मनोज व्यास, अमरू चौधरी, वॉकहार्ड फाउंडेशन के मैनेजर भोमराज सुथार, बिलावल खान, सेंती खातून, आदि मौजूद रहे। मॉडल आंगनवाड़ी चुड़ों की बस्ती, भडला का फलोदी जिले के नवनियुक्त ओएसडी जसप्रीत सिंह संधू (आईएएस) ने अवलोकन किया। उन्होंने मॉडल आंगनवाड़ी पर होने वाली गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चिरमी ने केंद्र पर सीखने के पांच कॉर्नर्स पुस्तकालय, दवाखाना, गुडिया का घर, स्थानीय सामग्री तथा चित्रकला के बारे में जानकारी दी। चिरमी ने कहा कि आंगनवाड़ी भवन में पहले सुविधाएं नही होने के कारण बच्चों का जुड़ाव तथा ठहराव कम था लेकिन अब भवन के नवीनीकरण तथा सीखने की सामग्री, खिलौने आदि उपलब्ध करवाने से बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।